भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*146
बुधवार, 4 मार्च, 2020/14 फाल्गुन, 1941 (शक)

बेरोजगारी संबंधी आंकड़ों की प्रामाणिकता

*146. श्री विशम्भर प्रसाद निषादः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बेरोजगारी के आंकड़े दर्ज करने के लिए वर्तमान में कौन-सी प्रणाली मौजूद है और क्या यह प्रणाली बेरोजगार लोगों के संबंध में सही सूचना प्रदान कर रही है;

(ख) देश में वर्तमान में बेरोजगारों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या ऐसी कोई प्रणाली है जिसके अंतर्गत बेरोजगार व्यक्ति को पंजीकृत किया जा सके और उसे रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा सके ताकि उसे बार-बार फॉर्म नहीं भरना पड़े और अत्यधिक आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना पड़े; और

(घ) तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

बेरोजगारी संबंधी आंकड़ों की प्रामाणिकता के संबंध में श्री विशम्भर प्रसाद निषाद द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 04.03.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *146 के लिए भाग (क) से (घ) के लिए दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण

(क एवं ख): और अधिक नियमित आधार पर श्रम बाजार में परिवर्तनों को मापने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र एवं अखिल भारत स्तर पर शहरी क्षेत्रों हेतु श्रम बाजार के विभिन्न सकेंतकों के तिमाही परिवर्तन तथा ग्रामीण एवं शहरी-दोनों क्षेत्रों के लिए विभिन्न श्रम बल संकेतकों के वार्षिक अनुमान प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार-बेरोजगारी संबंधी नियमित वार्षिक सर्वेक्षण नामतः आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आयोजित करता है।

वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट 2017-18 के परिणामों के अनुसार, देश में सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर 6.1% है।

(ग एवं घ): जी नहीं। तथापि, सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है। ये सेवाएं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, देश में 997 रोजगार कार्यालय कार्य कर रहे हैं जो बेरोजगार व्यक्तियों को पंजीकृत करते हैं।

*****